materials, etc. for AIR Stations and the Industry;

10. Preparation of standard tapes for AIR stations.

(c) Based on the study projects and Research and development work a number of papers were presented at the Asian Broadcasting Union Conference, the Commonwealth Broadcasting Conference etc.

2. Following are some of the important items of equipment developed indigenously during the three years under review:

12" transistorised TV receivers

2Watt TV Translator

FM transmitter and receivers

Low cost mediumwave receiver

Transistorised distortion and noise level metre etc.

**बिहार के आदिवासियों द्वारा कथित प्रदर्शन**

1482. **श्री एम० एस० पुरती :** क्या गृह मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को पता है कि बिहार के आदिवासियों ने अपने हाथों में धनुषबाण लेकर अपनी इस मांग के समर्थन में प्रदर्शन किया है कि 'सथाल परगना अखण्ड रहेगा'; और

(ख) यदि हां, तो इसके क्या कारण हैं तथा उनकी मांग पर क्या निर्णय किया गया है ?

**गृह मंत्रालय और कार्मिक विभाग में राज्य मंत्री (श्री राम निवास मिर्धा) :** (क) और (ख) : बिहार सरकार से प्राप्त सूचना के अनुसार जिले में कुछ स्थानों पर संथाल परगना को दो जिलों में विभाजित करने के विरुद्ध बैठकें और प्रदर्शन हुए थे। किन्तु यह सूचना नहीं है कि ये प्रदर्शनकारी धनुषबाण से लैस थे।

राज्य सरकार ने संथाल परगना को दो जिलों में विभाजित करने के लिये कोई निर्णय नहीं किया है।

**विदेशी फर्मों में भारतीय कर्मचारियों को उचित स्थान**

1483. **श्री एम० एस० पुरती :** क्या **औद्योगिक विकास** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार को कोई ऐसे अभ्यावेदन प्राप्त हुए हैं जिसमे विदेशी फर्मों में भारतीय कर्मचारियों को उचित स्थान दिलाने का अनुरोध किया गया है; और

(ख) यदि हां, तो इस पर सरकार की क्या प्रतिक्रिया है ?

**औद्योगिक विकास मंत्रालय में उप-मंत्री (श्री सिद्धेश्वर प्रसाद) :** (क) और (ख) विदेशीफर्मों में भारतीय कर्मचारियो को उचित स्थान दिलाने के बारे में समय-समय पर सरकार को अभ्यावेदन प्राप्त होते रहते हैं। इन फर्मों की तकनीकी और प्रशासनिक आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए विदेशी नागरिको के उच्च प्रशासकीय और तकनीकी पदों का भारतीयकरण करना सरकार की नीति है।

विगत कुछ वर्षों से 3,000 रुपये और इससे अधिक वेतन पाने वाले भारतीय कर्मचारियों की प्रतिशत बढ़ रही है। इस समय 3,000 रुपये तक प्रतिमास वेतन वाले सभी पदों पर व्यावहारिक रूप से भारतीय नागरिक ही कार्य कर रहे हैं।

**"गरीबी हटाओ" कार्यक्रम**

1484. **श्री एम० एस० पुरती :** क्या योजना मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने "गरीबी हटाने" के लिये किसी विसूत्री कार्यक्रम की योजना बनाई है; और

(ख) यदि हां, तो उसकी रूपरेखा क्या है और उक्त कार्यक्रम की क्रियान्विति के परिणामस्वरूप देश से गरीबी कब तक हटाई जा सकेगी ?